Mayank Warwade, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांक:– E-441192/Quality/01/2025/ 3772 दिनांक : 13/8/25

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा)**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA),**
सभी जिला।

विषय:– **माध्यमिक स्तर (कक्षा 9–12) के शिक्षकों हेतु कला समेकित शिक्षण पद्धितियों के प्रस्तुति हेतु समृद्धि–2025 के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु शिक्षकों को चयनित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली (NCERT) द्वारा के कला एवं सौंदर्य बोध विभाग के द्वारा माध्यमिक विषय के शिक्षकों में कला समेकित शैक्षणिक पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए ''समृद्धि'' कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2024 से की गयी है। राज्य के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के माध्यमिक स्तर (IX से XII) के शिक्षकों हेतु राष्ट्रीय स्तर की शिक्षक प्रतियोगिता है, जिसमें शिक्षक अपनी सर्वोतम कला–समेकित शैक्षणिक पद्धतियों का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिक्षकों की प्रतिभागिता हेतु निम्न निदेश दिये जाते हैः–

(1) ''समृद्धि'' प्रतियोगिता संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश पत्र के साथ संलग्न है। जिले के सभी माध्यमिक स्तर के विद्यालयों को समृद्धि–2025 का दिशा–निर्देश उपलब्ध कराते हुए जिला स्तर पर कला उत्सव प्रतियोगिता हेतु विद्यालय से शिक्षको की टीम को दिनांक 30.8.2025 तक चयनित कर संलग्न प्रपत्र में जिला कार्यालय को प्रतिभागिता हेतु नामित करने का निदेश है।

(2) ''समृद्धि'' कार्यक्रम में दो शिक्षकों की एक टीम बनायी जानी है, जिसमें मुख्य प्रविष्टि माध्यमिक कक्षाओं में कोई भी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक एवं दूसरा कला संवर्ग के शिक्षक की होगी। प्रतिभागिता हेतु शिक्षकों द्वारा परियोजना प्रस्ताव तथा 20 मिनट का शिक्षण आधारित प्रस्तुति का विडियो बनाकर जिलों को ड्राइव के लिंक के माध्यम से प्रधानाध्यापकों द्वारा प्रेषित करने का निदेश दिया जाय।

Mayank Warwade, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

(3) राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता हेतु जिला से माध्यमिक स्तर (IX से XII) के पाठ्यक्रम क्षेत्रों पर आधारित शिक्षक द्वारा सर्वोतम कला–समेकित शैक्षणिक पद्धतियों के प्रदर्शन संबंधी प्रस्तुतीकरण का चयन कर राज्य कार्यालय को संलग्न प्रपत्र में 10 सितम्बर 2025 तक उपलब्ध कराया जाना है।

(4) जिला स्तर पर आयोजित समृद्धि–2025 माध्यमिक स्तर (IX से XII) के शिक्षकों द्वारा सर्वोत्तम कला समेकित पद्धतियों का प्रदर्शन हेतु समृद्धि 2024 के आयोजन हेतु विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन समर्पित की जा रही है।

विश्वासभाजन,
(मयंक वरवड़े)
राज्य परियोजना निदेशक

अनुलग्नक : यथोक्त।